Q.64 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'learn from mistakes' को 'lm tu bp' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'from here on' को 'mp tw bp' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'from' को किसमें कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
✗ 1. lm
✗ 2. tu
✓ 3. bp
✗ 4. tw

Q.65 सात डिब्बे, A, B, C, D, E, F और G, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों। G को E के ठीक ऊपर रखा गया है। F को D के ठीक ऊपर रखा गया है। B के ऊपर केवल A को रखा गया है। G के ऊपर केवल दो डिब्बे रखे गए हैं। F को सबसे नीचे से तीसरे स्थान पर नहीं रखा गया है। F के ऊपर कितने डिब्बे रखे गए हैं?

Ans
✗ 1. 4
✗ 2. 3
✗ 3. 2
✓ 4. 5

Q.66 दिए गए विकल्पों में से उस पद का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आएगा।

FLA 29 IJE 22 ? OFM 2 RDQ -11

Ans
✗ 1. GKJ 11
✓ 2. LHI 13
✗ 3. HGG 12
✗ 4. LVG 10

Q.67 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।
YEN ARE FEW GOT
प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में कोई स्वर नहीं आएगा?

Ans
✓ 1. 4
✗ 2. 1
✗ 3. 2
✗ 4. 3

Q.68 श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर कौन-सी संख्याएँ उसी क्रम में आनी चाहिए?
86 90 99 115 140 ? 225 ?

Ans
✗ 1. 192, 323
✗ 2. 182, 293
✓ 3. 176, 289
✗ 4. 168, 193

Q.69 दिए गए विकल्पों में से उस अक्षर-समूह का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आएगा।

IEU GHQ ? CNI AQE

Ans
✗ 1. ELN
✓ 2. EKM
✗ 3. ELM
✗ 4. EJL

Q.70 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित करना चाहिए ताकि : : के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, : : के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के समान हो जाए?
# : BDF :: GIK : %

Ans
✗ 1. # = WYA, % = LNO
✗ 2. # = XYA, % = LNP
✓ 3. # = WYA, % = LNP
✗ 4. # = WYB, % = LNP

Section : **General Awareness**

Q.71 भारतीय संविधान के भाग IV A (मौलिक कर्तव्य) में निम्नलिखित में से कौन-सा प्रावधान नहीं है?

Ans
✗ 1. राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना
✗ 2. हमारी समग्र संस्कृति की समृद्ध विरासत को संरक्षित करना
✗ 3. भारत के सभी लोगों के बीच भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना
✓ 4. अपने माता-पिता और शिक्षकों का सम्मान करना

Q.72 गोवा में बेसिलिका ऑफ बोम जीसस (Basilica of Bom Jesus) के निर्माण के लिए इस्तेमाल किया गया पत्थर निम्नलिखित में से किस स्थान से लाया गया था?

Ans
✗ 1. जयपुर
✗ 2. गया
✓ 3. बसीन
✗ 4. हमीरपुर

Q.73 सत्येंद्र नाथ बोस की 130वीं जयंती 1 जनवरी, 2024 को मनाई गई। वह एक प्रसिद्ध _____ थे।

Ans
✗ 1. साहित्यकार (literary)
✓ 2. भौतिकविज्ञानी (physicist)
✗ 3. प्राणिविज्ञानी (zoologist)
✗ 4. वनस्पतिविज्ञानी (botanist)

Q.74 स्वतंत्रता के बाद से भारत को निम्नलिखित में से किस समस्या का सामना करना पड़ा है?

Ans
✗ 1. वैश्वीकरण
✗ 2. कृषि उत्पादकता
✓ 3. निर्धनता
✗ 4. साक्षरता

Q.75 निम्नलिखित में से किस वर्ष राष्ट्रीय महिला आयोग की स्थापना की गई थी?

Ans
✗ 1. 1991
✓ 2. 1992
✗ 3. 2004
✗ 4. 1985

Q.76 30 सितंबर 2024 तक की स्थिति के अनुसार, उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (NATO) के समूह में कितने सदस्य देश हैं?

Ans
✗ 1. 21
✗ 2. 39
✓ 3. 32
✗ 4. 12

Q.77 संविधान, मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों के कार्यकाल की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। उन्हें _____ वर्ष के कार्यकाल के लिए नियुक्त किया जाता है या वे 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, पद पर कार्यरत रहते हैं।

Ans
✗ 1. 5
✓ 2. 6
✗ 3. 4
✗ 4. 10

Q.78 निम्नलिखित में से कौन सा बंदरगाह अपने स्थान से सही ढंग से जुड़ा नहीं है?

Ans
✗ 1. तूतीकोरिन बंदरगाह - तमिलनाडु
✗ 2. मोरमुगाओ बंदरगाह - गोवा
✗ 3. कोच्चि बंदरगाह - केरल
✓ 4. विशाखापत्तनम बंदरगाह - तेलंगाना

Q.79 पेरिस पैरालम्पिक गेम्स 2024 में स्वर्ण पदक जीतने के बाद, पैरालम्पिक गेम्स में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला कौन बनीं?

Ans
- ✗ 1. रूबीना फ्रांसिस
- ✗ 2. सिमरन शर्मा
- ✓ 3. अवनी लेखरा
- ✗ 4. दीप्ति जीवनजी

Q.80 जून 2024 में, आंध्र प्रदेश मंत्रिमंडल में अनीता वंगालापुडी को कौन-सा पोर्टफोलियो आवंटित किया गया था?

Ans
- ✗ 1. आंध्र प्रदेश की सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री
- ✗ 2. आंध्र प्रदेश की पंचायत राज और ग्रामीण विकास मंत्री
- ✓ 3. आंध्र प्रदेश की गृह मंत्री
- ✗ 4. आंध्र प्रदेश की उपमुख्यमंत्री

Q.81 भारत की निम्नलिखित में से किस वर्ष की जनगणना में, सर्वाधिक लिंगानुपात दर्ज किया गया?

Ans
- ✗ 1. 1951
- ✓ 2. 1901
- ✗ 3. 1991
- ✗ 4. 2011

Q.82 दक्कन के पठार के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

Ans
- ✓ 1. महेंद्रगिरि पश्चिमी घाट की सबसे ऊँची चोटी है।
- ✗ 2. पूर्वी घाट, महानदी घाटी से लेकर दक्षिण में निगिरीस तक फैला हुआ है।
- ✗ 3. पश्चिमी घाट, पूर्वी घाट से ऊँचे हैं।
- ✗ 4. पश्चिमी घाट की ऊँचाई उत्तर से दक्षिण की ओर उत्तरोत्तर बढ़ती जाती है।

Q.83 पांच देशों के कावांगो-ज़ाम्बेजी ट्रांस-फ्रंटियर कंजर्वेशन एरिया (KAZA-TFCA) के सदस्यों द्वारा काज़ा (KAZA ) 2024, राष्ट्राध्यक्षों का प्रथम शिखर सम्मेलन किस महीने में लिविंगस्टोन, ज़ाम्बिया में आयोजित किया गया था?

Ans
- ✗ 1. जुलाई 2024
- ✓ 2. मई 2024
- ✗ 3. अप्रैल 2024
- ✗ 4. अगस्त 2024

Q.84 सत्य शोधक समाज की स्थापना कब हुई थी?

Ans
- ✓ 1. 1873
- ✗ 2. 1776
- ✗ 3. 1794
- ✗ 4. 1885

Q.85 जनवरी 2024 में, भारत ने स्क्वायर किलोमीटर एरे (Square kilometer Array- SKA) परियोजना में औपचारिक रूप से शामिल होने का फैसला किया था, जो दुनिया का सबसे बड़ा _____ बनाने के लिए कार्य करने वाला एक अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक गठबंधन है।

Ans
- ✗ 1. अंतरिक्ष स्टेशन
- ✗ 2. पार्टिकल ऐक्सीलेरेटर
- ✗ 3. ऑप्टिकल टेलीस्कोप
- ✓ 4. रेडियो दूरबीन

Q.86 निम्नलिखित में से कौन-सा संगीत रूप शास्त्रीय कर्नाटक संगीत से घनिष्ठ रूप से संबंधित है?

Ans
- ✗ 1. फ़िरदोस्त
- ✗ 2. वानवुन
- ✗ 3. भाँड़ पाथेर
- ✓ 4. गीतम

**Q.87** निजीकरण का विस्तार करने के लिए भारत की 1991 की नई आर्थिक नीति में कौन-सा महत्वपूर्ण परिवर्तन लागू किया गया?

**Ans**

✗ 1. सार्वजनिक क्षेत्र के नियंत्रण के लिए आरक्षित उद्योगों की संख्या बढ़ाना

✗ 2. विभिन्न क्षेत्रों में अधिक सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (PSU) स्थापित करना

✓ 3. सार्वजनिक क्षेत्र के नियंत्रण के लिए आरक्षित उद्योगों की सूची को छोटा करना

✗ 4. प्रमुख उद्योगों पर सरकारी नियंत्रण को केंद्रीकृत करना

**Q.88** निम्नलिखित में से कौन सा विपणित अधिशेष का सही कार्य है?

**Ans**

✗ 1. विपणित अधिशेष = बाजार की कुल आपूर्ति – कुल मॉंग

✗ 2. विपणित अधिशेष = बाजार में कुल मांग - कुल आपूर्ति

✗ 3. विपणित अधिशेष = कुल कृषि उपज – बाजार में पिछले वर्षों का स्टॉक

✓ 4. विपणित अधिशेष = किसान द्वारा उत्पादित कुल कृषि उत्पादन – कृषि उत्पादन की स्वयं की खपत

**Q.89** निम्नलिखित में से कौन-सा 2024 में पेश किए गए नए आपराधिक कानूनों में से एक नहीं है?

**Ans**

✗ 1. भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS)

✓ 2. भारतीय दंड संहिता (IPC)

✗ 3. भारतीय न्याय संहिता (BNS)

✗ 4. भारतीय साक्ष्य अधिनियम (BSA)

**Q.90** निम्नलिखित में से किसने महिलाओं की शिक्षा के पक्ष में तर्क देने के लिए कुरान की आयतों की पुनर्व्याख्या की?

**Ans**

✗ 1. बेगम अनीस किदवई

✓ 2. मुमताज अली

✗ 3. बीबी अम्तुस सलाम

✗ 4. बाजी जमालुन्निसा

**Q.91** हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन (H.R.A.) से निम्नलिखित में से कौन संबद्ध नहीं था?

**Ans**

✗ 1. राम प्रसाद बिस्मिल (Ram Prasad Bismil)

✗ 2. अशफ़ाक़उल्ला खां (Ashfaqulla Khan)

✗ 3. शचींद्र नाथ बक्शी (Sachindra Nath Bakshi)

✓ 4. सुभाष चंद्र बोस (Subhash Chandra Bose)

**Q.92** निम्नलिखित में से किसने अटल सुरंग का निर्माण किया है?

**Ans**

✓ 1. सीमा सड़क संगठन

✗ 2. भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI)

✗ 3. भारतीय रेल

✗ 4. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

**Q.93** पेरिस 2024 पैरालम्पिक समापन समारोह में भारत के ध्वजवाहक कौन थे?

**Ans**

✗ 1. मनीष नरवाल और योगेश कथुनिया

✗ 2. अवनी लेखरा और निशाद कुमार

✓ 3. हरविंदर सिंह और प्रीति पाल

✗ 4. भाग्यश्री जाधव और सुमित अंतिल

**Q.94** पाल वंश के निम्नलिखित शासकों को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें।

**Ans**

✗ 1. महिपाल < धर्मपाल < नयपाल < देवपाल

✓ 2. धर्मपाल < देवपाल < महिपाल < नयपाल

✗ 3. देवपाल < धर्मपाल < महिपाल < नयपाल

✗ 4. महिपाल < धर्मपाल < देवपाल < नयपाल

**Q.95** निम्नलिखित में से कौन-सा अधिनियम, भारतीय नागरिकता के अधिग्रहण को विनियमित करता है?

**Ans**
- ✗ 1. भारतीय नागरिकता अधिनियम, 1947
- ✗ 2. भारतीय नागरिकता अधिनियम, 1948
- ✓ 3. भारतीय नागरिकता अधिनियम, 1955
- ✗ 4. भारतीय नागरिकता अधिनियम, 1960

**Q.96** निम्नलिखित में से किस प्रकार के वनों में पेड़ मुख्य रूप से लंबी जड़ों और गूदेदार तनों के साथ फैले हुए हैं?

**Ans**
- ✓ 1. उष्णकटिबंधीय कांटेदार वन और झाड़ियाँ
- ✗ 2. मैंग्रोव वन
- ✗ 3. पर्वतीय वन
- ✗ 4. उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन

**Q.97** स्वयं सहायता समूह (SHG) पहल जैसे ग्रामीण विकास कार्यक्रम ग्रामीण भारत में लैंगिक समानता में किस प्रकार योगदान देते हैं?

**Ans**
- ✗ 1. मुख्य रूप से शैक्षिक कार्यक्रमों के माध्यम से
- ✗ 2. केवल महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करके
- ✗ 3. केवल कृषि उत्पादकता में सुधार करके
- ✓ 4. वित्त, नेतृत्व की भूमिका और निर्णय लेने में महिलाओं की पहुँच बढ़ाकर

**Q.98** 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत के निम्नलिखित में से किस केंद्र शासित प्रदेश की जनसंख्या की दशकीय वृद्धि दर सर्वाधिक है?

**Ans**
- ✗ 1. लक्षद्वीप
- ✗ 2. पुदुचेरी
- ✗ 3. चंडीगढ़
- ✓ 4. दादरा और नगर हवेली

**Q.99** निम्नलिखित में में से वह पोषक तत्व जो महत्वपूर्ण अंगों के लिए गद्दे के समान कार्य करता है और उनकी झटके तथा बाहरी चोटों से रक्षा करता है?

**Ans**
- ✓ 1. वसा
- ✗ 2. विटामिन
- ✗ 3. प्रोटीन
- ✗ 4. कार्बोहाइड्रेट

**Q.100** एन चंद्रबाबू नायडू, जिन्होंने 12 जून 2024 को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली, निम्नलिखित में से किस राजनीतिक दल से संबंधित हैं?

**Ans**
- ✗ 1. वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (YSRCP)
- ✗ 2. जन सेना पार्टी (JSP)
- ✓ 3. तेलुगु देशम पार्टी (TDP)
- ✗ 4. भारतीय जनता पार्टी (BJP)

**Q.101** गणनावाचक उपयोगिता विश्लेषण में, उपयोगिता को निम्नलिखित में से किस तरीके से व्यक्त किया जा सकता है?

**Ans**
- ✗ 1. गुणवत्ता में
- ✗ 2. क्रम में
- ✗ 3. श्रेणी (rank) में
- ✓ 4. संख्याओं में

**Q.102** निम्नलिखित में से किस वर्ष सरकार ने इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड (IRCON International Limited) में अपनी हिस्सेदारी बेची?

**Ans**
- ✗ 1. 2018
- ✓ 2. 2023
- ✗ 3. 2015
- ✗ 4. 2021

Q.103 एक ट्यूब के माध्यम से छवियों को प्रतिबिंबित करने के लिए प्रिज्म, लेंस या दर्पण की प्रणाली में उपयोग किए जाने वाले ऑप्टिकल उपकरण को क्या कहा जाता है?

Ans
- ✔ 1. पेरीस्कोप
- ✘ 2. टेलीस्कोप
- ✘ 3. दूरबीन
- ✘ 4. केलीडोस्कोप

Q.104 _____ सिरका अम्ल का एक प्राकृतिक स्रोत है।

Ans
- ✔ 1. विनेगर
- ✘ 2. संतरा
- ✘ 3. टमाटर
- ✘ 4. इमली

Q.105 निम्नलिखित में से विजयनगर साम्राज्य के किस राजा ने यवनराज्य स्थापनाचार्य की उपाधि धारण की थी?

Ans
- ✔ 1. कृष्णदेवराय
- ✘ 2. राम राय
- ✘ 3. अच्युत देव राय
- ✘ 4. सदाशिव राय

Q.106 खाद्य पदार्थों में नाइट्रोजन और प्रोटीन की मात्रा ज्ञात करने के लिए आजकल निम्नलिखित में से कौन-सी विधि सबसे अधिक प्रयुक्त की जाती है?

Ans
- ✘ 1. बरफोड विधि (Barfoed method)
- ✔ 2. केजेल्डाल विधि (Kjeldahl method)
- ✘ 3. पराडकर विधि (Paradkar method)
- ✘ 4. नेस्लर विधि (Nessler's method)

Q.107 संयुक्त द्विपक्षीय प्रशिक्षण 'एक्सरसाइज हरिमाउ शक्ति 2023 (Exercise Harimau Shakti 2023)' का आयोजन कहां हुआ था?

Ans
- ✔ 1. उमरोई छावनी, भारत
- ✘ 2. नई दिल्ली, भारत
- ✘ 3. कोटा किनाबालु, मलेशिया
- ✘ 4. कुआला लम्पुर, मलेशिया

Q.108 निम्नलिखित में से कौन एक शास्त्रीय हिन्दुस्तानी गायक थे?

Ans
- ✘ 1. वी. शेषना (V Sheshanna)
- ✘ 2. टी.के. अयंगर (TK Iyengar)
- ✔ 3. बेगम अख्तर (Begum Akhtar)
- ✘ 4. एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी (MS Subbulakshmi)

Q.109 निम्नलिखित में से किस नदी के द्वारा, सुंदरबन डेल्टा का निर्माण किया जाता है?

Ans
- ✔ 1. गंगा - ब्रह्मपुत्र - मेघना
- ✘ 2. कावेरी
- ✘ 3. गोदावरी
- ✘ 4. सिंधु

Q.110 मई 2024 तक की स्थिति के अनुसार, 'संघ सूची' में कितने विषय हैं?

Ans
- ✘ 1. 98 विषय
- ✘ 2. 97 विषय
- ✘ 3. 66 विषय
- ✔ 4. 100 विषय

**Q.111** सॉस (sauces) को गाढ़ा करने तथा ब्रेड और पेस्ट्री के उत्पादन में प्रयुक्त होने वाली मुख्य विधि का नाम बताइए।

**Ans**

✗ 1. डेक्सट्रिनीकरण (Dextrinisation)

✓ 2. जिलेटिनीकरण (Gelatinisation)

✗ 3. कैरामेलीकरण (Caramelisation)

✗ 4. पश्चक्रमण (Retrogradation)

**Q.112** प्रेरित धारा का दाएँ हाथ का नियम किसके द्वारा दिया गया था?

**Ans**

✗ 1. ओर्स्टेड (Oersted)

✓ 2. फ्लेमिंग (Fleming)

✗ 3. ऐम्पियर (Ampere)

✗ 4. फैराडे (Faraday)

**Q.113** निम्नलिखित में से कौन रोजगारविहीन वृद्धि (Jobless growth) की सही परिभाषा है?

**Ans**

✗ 1. यह एक आर्थिक घटना है जिसमें किसी अर्थव्यवस्था में सापेक्ष अवधि में रोजगार का स्तर निम्न होता है।

✓ 2. यह एक आर्थिक घटना है जिसमें कोई अर्थव्यवस्था अपने रोजगार के स्तर को बनाए रखते हुए या घटाते हुए विकास करती है।

✗ 3. यह एक आर्थिक घटना है जिसमें किसी अर्थव्यवस्था में संवृद्धि का स्तर घटता जाता है।

✗ 4. यह एक आर्थिक घटना है जिसमें किसी अर्थव्यवस्था में रोजगार का स्तर घटता जाता है।

**Q.114** 1950 में संविधान लागू होने के बाद भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की संख्या कितनी थी?

**Ans**

✗ 1. 6

✗ 2. 12

✗ 3. 10

✓ 4. 8

**Q.115**

निम्नलिखित को सुमेलित करें।

| | समूह-I | | समूह-II |
|---|---|---|---|
| a. | पाणिनी | 1. | मालविकाग्निमित्रम् |
| b. | हाला | 2. | महाभाष्य |
| c. | कालिदास | 3. | अष्टाध्यायी |
| d. | पतंजलि | 4. | गाथासप्तशती |

**Ans**

✓ 1. a - 3; b - 4; c - 1; d - 2

✗ 2. a - 3; b - 4; c - 2; d - 1

✗ 3. a - 2; b - 3; c - 4; d - 1

✗ 4. a - 4; b - 3; c - 2; d - 1

**Q.116** आत्मकथा 'अर्धकथानक (Ardhakathanak)' निम्नलिखित में से किसने लिखी है?

**Ans**

✗ 1. वाल्मिकी

✗ 2. नर्मद

✓ 3. बनारसीदास

✗ 4. राससुंदरी देवी

Q.117 सूरी वंश के संस्थापक, शेर शाह सूरी का मूल नाम क्या था?

Ans
- ✔ 1. फरीद खान
- ✘ 2. मुर्तज़ा खान
- ✘ 3. आदम खान
- ✘ 4. उलूग खान

Q.118 निम्नलिखित में से किस वर्ष में राज्य सभा में आचार समिति (Ethics Committee) का गठन किया गया था?

Ans
- ✘ 1. 1995
- ✘ 2. 2000
- ✔ 3. 1997
- ✘ 4. 1999

Q.119 संयुक्त सैन्य अभ्यास 'हरिमऊ शक्ति-2022 (Harimau Shakti-2022)', 28 नवंबर को शुरू हुआ, जो भारतीय सेना और _____ की सेना के बीच एक वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है।

Ans
- ✘ 1. जापान
- ✔ 2. मलेशिया
- ✘ 3. सिंगापुर
- ✘ 4. इंडोनेशिया

Q.120 फरवरी 2024 में, जीनोम इंडिया प्रोजेक्ट पूरा हो गया। जीनोम इंडिया प्रोजेक्ट के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?

Ans
- ✔ 1. देश भर से भारतीय नागरिकों से 10 लाख जीनोम नमूने एकत्र किये जाने थे।
- ✘ 2. इसका उद्देश्य एक संदर्भ जीनोम का निर्माण करना और भारतीयों में आनुवंशिक विविधता का अध्ययन करना था।
- ✘ 3. इसकी शुरुआत 2020 में की गई थी।
- ✘ 4. इस प्रोजेक्ट को भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वित्त पोषित और समन्वित किया गया था।

2024/12/10-23:42:25

# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन आर पी एफ - ०१/२०२४ - CEN RPF - 01/2024


| | |
|---|---|
| Community | OBC NCL |
| Test Center Name | Jaipur Engineering College |
| Test Date | 09/12/2024 |
| Test Time | 4:00 PM - 5:30 PM |
| Subject | Recruitment of Sub Inspector Executive in Railway Protection Force and Railway Protection Special Force |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Arithmetic**

**Q.1** दिया गया पाई-चार्ट सप्ताह के अलग-अलग दिनों में किसी वस्तु की बिक्री को दर्शाता है।
दिए गए पाई-चार्ट का अध्ययन करें और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दें।




**Sales = बिक्री**
**Sunday = रविवार Monday = सोमवार Tuesday = मंगलवार**
**Wednessday = बुधवार Thursday = गुरुवार**
**Friday = शुक्रवार Saturday = शनिवार**
**मंगलवार और शनिवार को बिक्री से केंद्र पर बने कोणों में कितना अंतर (डिग्री में) है?**

**Ans**
✔ 1. 10
✗ 2. 0
✗ 3. 20
✗ 4. 5

**Q.2** बुशरा अपना स्कूटर ₹59112 में बेचकर विक्रय मूल्य के $\frac{1}{6}$ भाग के बराबर लाभ प्राप्त करती है। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. 35%
✗ 2. 5%
✔ 3. 20%
✗ 4. 10%

Q.3 50 पुस्तकों का विक्रय मूल्य, 25 पुस्तकों के क्रय मूल्य के बराबर है। हानि या लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. $\frac{100}{25}\%$ हानि
✗ 2. $\frac{100}{25}\%$ लाभ
✓ 3. 50 % हानि
✗ 4. 50 % लाभ

Q.4 ईंधन की कीमत क्रमागत तीन महीनों में 20%, 45% और 55% कम की गई है, लेकिन चौथे महीने में 50% वृद्धि की गई है। चौथे महीने में ईंधन की कीमत में उसकी मूल कीमत की तुलना में कितने प्रतिशत की वृद्धि/कमी हुई है?

Ans
✗ 1. 68.29% की कमी
✓ 2. 70.3% की कमी
✗ 3. 72.35% की वृद्धि
✗ 4. 67.55% की वृद्धि

Q.5 एक रेलगाड़ी 147 kmph की चाल से 294 km की दूरी तय करती है और फिर 133 kmph की चाल से 266 km की दूरी तय करती है। रेलगाड़ी द्वारा तय की गई कुल दूरी का औसत चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 140 kmph
✗ 2. 152 kmph
✗ 3. 132 kmph
✗ 4. 187 kmph

Q.6 तीन साझेदारों ने एक व्यवसाय में 6 : 7 : 3 के अनुपात में निवेश किया। उन्होंने अपनी पूंजी क्रमशः 8 महीने, 3 महीने और 10 महीने के लिए निवेश की। उनके लाभ का अनुपात कितना था?

Ans
✗ 1. 17:7:10
✗ 2. 13:7:10
✗ 3. 14:7:10
✓ 4. 16:7:10

Q.7 निम्नलिखित को साधारण भिन्न में व्यक्त करें।
$0.093 + 0.23$

Ans
✗ 1. $\frac{343}{990}$
✗ 2. $\frac{323}{999}$
✓ 3. $\frac{323}{990}$
✗ 4. $\frac{343}{999}$

Q.8 दिया गया है कि $17^{0.63} = x$, $17^{0.04} = y$ और $x^z = y^4$ है, तो z का निकटतम मान कितना है?

Ans
✗ 1. -0.79
✓ 2. 0.25
✗ 3. 2.08
✗ 4. -0.45

Q.9 एक व्यक्ति किसी निश्चित दूरी को 5 km/h की चाल से 6 घंटे में तय करता है और कुछ अतिरिक्त दूरी को 9 km/h की चाल से 7 घंटे में तय करता है। तय की गई कुल दूरी के लिए उसकी औसत चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. $9\frac{2}{13}$
✗ 2. $6\frac{2}{13}$
✗ 3. $8\frac{2}{13}$
✓ 4. $7\frac{2}{13}$

Q.10 7 संख्याओं का औसत 51 है। यदि प्रत्येक संख्या में 6 की वृद्धि की जाए, तो नया औसत कितना होगा?

Ans
✗ 1. 7
✓ 2. 57
✗ 3. 51
✗ 4. 63

Q.11 एक थोक व्यापारी ₹45,000 का माल खरीदता है। निर्माता 15% की व्यापार छूट और 10% की अतिरिक्त स्कीम छूट प्रदान करता है। दोनों छूटों के बाद शुद्ध मूल्य की गणना करें।

Ans
✗ 1. ₹34,255
✓ 2. ₹34,425
✗ 3. ₹34,455
✗ 4. ₹34,225

Q.12 सबसे छोटी और सबसे बड़ी भिन्न के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए।

$\frac{8}{8}, \frac{6}{6}, \frac{26}{39}, \frac{29}{31}$

Ans
✓ 1. $\frac{1}{3}$
✗ 2. $\frac{1}{2}$
✗ 3. $\frac{1}{8}$
✗ 4. $\frac{1}{6}$

Q.13 दिया गया है कि $42^{0.66} = x$, $42^{0.65} = y$ और $x^z = y^4$ है, तो z का निकटतम मान कितना है?

Ans
✓ 1. 3.94
✗ 2. 4.81
✗ 3. 2.04
✗ 4. 4.92

Q.14 $\frac{(a^1 \times b^4 \times c^5)}{(a^3 \times b^6 \times c^9)}$ का सरलतम रूप ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. $(a^{-2}) \times (b^{-2}) \times (c^{-4})$
✘ 2. $(a^8) \times (b^5) \times (c^{-1})$
✘ 3. $(a^{-5}) \times (b^{-8}) \times (c^2)$
✘ 4. $(a^7) \times (b^{-7}) \times (c^{-6})$

Q.15 एक गाँव की जनसंख्या 130000 थी। पहले वर्ष में इसमें 10% की वृद्धि हुई और दूसरे वर्ष में 20% की वृद्धि हुई। दो वर्ष बाद इसकी जनसंख्या _____ है।

Ans
✔ 1. 171600
✘ 2. 169000
✘ 3. 143000
✘ 4. 156000

Q.16 $(99^{99} + 99)$ के 100 से विभाज्य होने पर शेषफल कितना होगा?

Ans
✔ 1. 98
✘ 2. 96
✘ 3. 97
✘ 4. 99

Q.17 एक ठोस धात्विक गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल 5544 $cm^2$ है। इसे पिघलाकर 84 cm ऊँचाई वाले एक शंकु में ढाला जाता है। इस प्रकार बने शंकु के आधार का व्यास ज्ञात कीजिए। ( $\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

Ans
✘ 1. 44 cm
✔ 2. 42 cm
✘ 3. 40 cm
✘ 4. 46 cm

Q.18 7 संख्याओं का औसत 53 है। यदि प्रत्येक संख्या में 7 की वृद्धि की जाए, तो नया औसत कितना होगा?

Ans
✘ 1. 7
✘ 2. 67
✘ 3. 53
✔ 4. 60

Q.19 एक व्यक्ति एक व्यूपॉइंट तक पैदल जाता है और अपनी कार से स्थिर चाल बनाए रखते हुए लौटता है और इस प्रकार उसे कुल 8 घंटे 30 मिनट का समय लगता है। दोनों तरफ कार से यात्रा करने में उसे 5 घंटे कम लगते। दोनों ओर समान चाल से पैदल यात्रा करने में उसे कुल कितना समय लगता?

Ans
✘ 1. 13 घंटे 45 मिनट
✘ 2. 14 घंटे 30 मिनट
✔ 3. 13 घंटे 15 मिनट
✘ 4. 12 घंटे 15 मिनट

Q.20 निम्नलिखित को सरल कीजिए:

$\frac{2}{7}+\frac{19}{5}-2.4+\left(\frac{4.8}{2.4}\right)^2$

Ans
✗ 1. $\frac{131}{35}$
✗ 2. $\frac{119}{35}$
✓ 3. $\frac{199}{35}$
✗ 4. $\frac{101}{35}$

Q.21 समान लंबाई की दो ट्रेन समांतर पटरियों पर एक ही दिशा में 66 km/h और 39 km/h की चाल से चल रही हैं। तेज़ चलने वाली ट्रेन, धीमी चलने वाली ट्रेन को 24 सेकंड में पार करती है। प्रत्येक ट्रेन की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 110 मीटर
✗ 2. 72 मीटर
✓ 3. 90 मीटर
✗ 4. 89 मीटर

Q.22 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$\left[(54\div 6)\times\left\{\frac{70}{7}+\frac{38}{6}\times(8-2)\right\}\right]$

Ans
✓ 1. 432
✗ 2. 442
✗ 3. 422
✗ 4. 429

Q.23 वर्ष के प्रथम तीन महीनों में मानव की प्रति माह औसत आय ₹7520 थी। अप्रैल में उसकी आय, प्रथम तीन महीनों की औसत आय से 75% अधिक थी। यदि पूरे वर्ष के लिए उसकी प्रति माह औसत आय ₹62334 है, तो मई से दिसंबर तक मानव की प्रति माह औसत आय (₹ में) कितनी होगी?

Ans
✗ 1. 89034
✗ 2. 89039
✓ 3. 89036
✗ 4. 89031

Q.24 एक मूलधन, जब प्रति वर्ष 20% साधारण ब्याज पर निवेश किया जाता है, तो 4 वर्षों के बाद उसका मिश्रधन ₹2880 हो जाता है। 2 वर्ष में समान दर पर समान मूलधन पर साधारण ब्याज (₹ में) कितना है?

Ans
✓ 1. 640
✗ 2. 1280
✗ 3. 320
✗ 4. 2560

Q.25 साक्षी ने वार्षिक रूप से चक्रवृद्धि, 20% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज पर ₹2500 की धनराशि का निवेश किया। यदि उसे n वर्षों के बाद ₹4320 की धनराशि प्राप्त हुई हो, तो n का मान ज्ञात करें।

Ans
✗ 1. 4
✗ 2. 2
✓ 3. 3
✗ 4. 3.5

Q.26 यदि एक घन का आयतन 1728 $m^3$ है, तो घन का सम्पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ($m^2$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 910
✓ 2. 864
✗ 3. 901
✗ 4. 861

Q.27 यदि $y^3 - 1$ का व्युत्क्रमानुपाती x है तथा y = 4 रखने पर x का मान 3 होता है, तो y = 6 रखने पर x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. $\frac{189}{215}$
✗ 2. $\frac{191}{215}$
✗ 3. $\frac{190}{216}$
✗ 4. $\frac{189}{216}$

Q.28 6 पुरुषों का औसत वजन तब 2 kg बढ़ जाता है जब उनमें से 48 kg वजन वाले पुरुष को एक अन्य पुरुष से बदल दिया जाता है। नए पुरुष का वजन कितना है?

Ans
✗ 1. 54 kg
✗ 2. 58 kg
✓ 3. 60 kg
✗ 4. 56 kg

Q.29 वर्ष के प्रथम तीन महीनों में प्रांजल की प्रति माह औसत आय ₹28744थी। अप्रैल में उसकी आय, प्रथम तीन महीनों की औसत आय से 50% अधिक थी। यदि पूरे वर्ष के लिए उसकी प्रति माह औसत आय ₹94411 है, तो मई से दिसंबर तक प्रांजल की प्रति माह औसत आय (₹ में) कितनी होगी?

Ans
✗ 1. 125447
✗ 2. 125453
✗ 3. 125446
✓ 4. 125448

Q.30 वह एक अंक की सबसे छोटी संख्या बताइए, जिसे 6 अंकों की संख्या 950473 में जोड़ने पर संख्या 11 से पूर्णतः विभाज्य हो जाए।

Ans
✗ 1. 1
✗ 2. 6
✗ 3. 2
✓ 4. 4

Q.31 एक बैंक अर्द्ध-वार्षिक आधार पर गणना करके, 5.6% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज प्रदान करता है। एक ग्राहक किसी वर्ष की 1 जनवरी को ₹7346 और 1 जुलाई को ₹7346 जमा करता है। वर्ष के अंत में, उसे ब्याज के रूप में मिलने वाली राशि _____ है। [उत्तर दशमलव के 2 स्थानों तक दीजिए।]

Ans
✗ 1. ₹626.14
✗ 2. ₹612.82
✗ 3. ₹616.68
✓ 4. ₹622.82

Q.32 24, 38, 336 और 152 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 6362
✗ 2. 6410
✗ 3. 6353
✓ 4. 6384

Q.33 पार्वती और परी एक व्यवसाय में 5 : 26 के अनुपात में निवेश करती हैं। यदि कुल लाभ ₹3038 है, तो पार्वती और परी को प्राप्त लाभों (₹ में) में कितना अंतर है?

Ans
✔ 1. 2058
✘ 2. 2208
✘ 3. 2008
✘ 4. 1958

Q.34 एक व्यक्ति ने एक वस्तु को इसके अंकित मूल्य पर पहले d% की छूट और फिर उतने ही सममूल्य (₹ में) की एक और छूट देकर ₹420 में बेचा। यदि वस्तु का अंकित मूल्य ₹560 है, तो d का मान क्या है?

Ans
✔ 1. 12.5
✘ 2. 16.9
✘ 3. 14.5
✘ 4. 18.4

Q.35 $44\ \text{cm} \times 13\ \text{cm}$ विमा वाली एक आयताकार शीट से बिना किसी काट-छांट के 13 cm ऊँचाई वाला एक बेलन बनाया गया है। यदि बेलन के दोनों सिरे बंद हैं, तो इसका संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल कितना होगा? ($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

Ans
✔ 1. 880 $\text{cm}^2$
✘ 2. 1280 $\text{cm}^2$
✘ 3. 440 $\text{cm}^2$
✘ 4. 220 $\text{cm}^2$

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.36 निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक श्रृंखला को देखें और उसके बाद आने वाले प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) L T # K % & D R @ $ F $ P Q * ! A Ω E Y % U £ K (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद में एक प्रतीक है?

Ans
✘ 1. एक
✔ 2. तीन
✘ 3. दो
✘ 4. कोई नहीं

Q.37 यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?
38 – 8 ÷ 2 + 9 – 12 ÷ 3 – 16 × 2 = ?

Ans
✔ 1. 89
✘ 2. 99
✘ 3. 107
✘ 4. 73

Q.38 सात डिब्बों G, H, I, J, K, L और V को एक के ऊपर एक रखा गया है, लेकिन जरूरी नहीं कि ये डिब्बे इसी क्रम में रखे गए हों। डिब्बे H को डिब्बे G के ठीक ऊपर रखा गया है। डिब्बे L को डिब्बे J के ठीक ऊपर रखा गया है। केवल डिब्बे K को डिब्बे V के ऊपर रखा गया है। डिब्बों G और K के बीच केवल दो डिब्बों को रखा गया है। डिब्बे L को नीचे से तीसरे स्थान पर नहीं रखा गया है। डिब्बों I और K के बीच कितने डिब्बों को रखा गया है?

Ans
✘ 1. एक
✘ 2. दो
✔ 3. तीन
✘ 4. चार

Q.39 एक निश्चित कूट भाषा में,
A < B का अर्थ है कि, 'A, B का पुत्र है',
A + B का अर्थ है कि, 'A, B का पिता है',
A ; B का अर्थ है कि, 'A, B की बहन है',
और A = B का अर्थ है कि, 'A, B की पुत्री है'।

यदि 'P + O < S ; T = E' है, तो P का E से क्या संबंध है?

Ans
✔ 1. पुत्री का पति
✘ 2. पिता की बहन
✘ 3. माता की बहन
✘ 4. बहन का पुत्र

Q.40 यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंकों वाली पाँच संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 431 649 324 163 719 (दाएं)

(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)

नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

यदि सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक को सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम कितना होगा?

Ans
✘ 1. 7
✘ 2. 5
✔ 3. 4
✘ 4. 6


Q.41 P, Q, R, S और T सभी की आयु अलग-अलग है। Q की आयु, R की आयु से अधिक है। R की आयु T की आयु से कम है लेकिन P की आयु से अधिक है। S की आयु सबसे अधिक है। उनमें से किसकी आयु सबसे कम है?

Ans
✘ 1. T
✘ 2. S
✘ 3. R
✔ 4. P


Q.42 एक निश्चित कूट भाषा में, 'AWED' को '2764' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'DATE' को '7625' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'T' के लिए कूट क्या होगा?


Ans
✘ 1. 7
✘ 2. 2
✔ 3. 5
✘ 4. 6


**Q.43** नीचे दर्शाए गए अनुसार, दर्पण को MN पर रखे जाने पर आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए।





**Ans**

✗ 1. 

✓ 2. 

✗ 3. 

✗ 4. 

**Q.44** यदि संख्या 9361457 के प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से दूसरे अंक तथा दाएं से तीसरे अंक का योगफल कितना होगा?

**Ans**

✓ 1. 8

✗ 2. 10

✗ 3. 6

✗ 4. 12

**Q.45** सात व्यक्ति, E, F, G, H, I, J और U, एक गोल मेज के परितः मेज के केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। H के दाईं ओर से गिनने पर H और E के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। E और U के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। H और I के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। J, I के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। F और I के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। G के दाईं ओर दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

**Ans**

✓ 1. J

✗ 2. I

✗ 3. U

✗ 4. E

**Q.46** P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले सप्ताह के अलग-अलग दिन है।
R और V की परीक्षाओं के बीच केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा है। U की परीक्षा मंगलवार को है। P की परीक्षा, V की परीक्षा से ठीक पहले वाले दिन है और U की परीक्षा के ठीक बाद वाले दिन है। S की परीक्षा सोमवार को है। T की परीक्षा, R की परीक्षा से पहले वाले दिन है और Q की परीक्षा के बाद वाले दिन है। Q की परीक्षा शुक्रवार को है। निम्नलिखित में से किसकी परीक्षा बुधवार को है?

**Ans**

✗ 1. V

✗ 2. R

✗ 3. T

✓ 4. P

**Q.47** श्रृंखला को तर्कसंगत रूप से पूर्ण करने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर कौन-सी संख्या उसी क्रम में आनी चाहिए?

**73 82 100 127 ? 208**

**Ans**

✓ 1. 163

✗ 2. 152

✗ 3. 143

✗ 4. 138


Q.48 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।





**कथन:**
सभी पंखे, लाइट हैं।
सभी लाइट, घड़ियाँ हैं।
कुछ घड़ियाँ, बल्ब हैं।

**निष्कर्ष:**
(I): कुछ पंखे, बल्ब हैं।
(II): कुछ लाइट, बल्ब हैं।

Ans
✗ 1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✗ 2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✓ 3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✗ 4. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

Q.49 दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए, जिसे प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।




Ans
✗ 1.

✗ 2.

✓ 3.

✗ 4.


Q.50 उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार दिए गए समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उसके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 को लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 व 3 में तोड़ना और फिर 1 व 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)
**(31, 951, 10)**
**(29, 837, 4)**

Ans
✗ 1. (27, 717, 11)
✗ 2. (4, 8, 7)
✗ 3. (40, 1593, 6)
✓ 4. (33, 1069, 20)

Q.51 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**DCA EDB FEC GFD ?**

Ans
✗ 1. MOL
✗ 2. MNL
✗ 3. KLJ
✓ 4. HGE

Q.52 निम्नलिखित में से किन अक्षर-समूहों द्वारा # और % को प्रतिस्थापित करने पर :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान होगा?

**# : GEJ :: RPU : %**

Ans
✗ 1. # = PIO, % = MIU
✗ 2. # = POO, % = MLK
✓ 3. # = LJO, % = MKP
✗ 4. # = JHF, % = MKJ

Q.53 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

Ans
✗ 1. JE : HC
✓ 2. OJ : NH
✗ 3. NI : LG
✗ 4. HC : FA

Q.54 उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार दिए गए समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उसके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 को लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 व 3 में तोड़ना और फिर 1 व 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

**(1, −2, 2)**
**(24, 24, 12)**

Ans
✗ 1. (34, 22, 24)
✗ 2. (24, 6, 22)
✗ 3. (15, 10, 11)
✓ 4. (18, 26, 5)

Q.55 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'CUTE' को '8479' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'TRIP' को '4351' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'T' के लिए कूट क्या है?

Ans
✗ 1. 7
✗ 2. 5
✓ 3. 4
✗ 4. 3

Q.56 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन अक्षर-समूह एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

(नोट: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. BCE
2. MOR
3. STV
4. PQS

Q.57 निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म किसी प्रकार समान हैं और इसलिए एक समूह बनाते हैं। वह कौन सा अक्षर-समूह युग्म है, जो उस समूह से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. VR - PS
2. PL - JM
3. FB - ZE
4. NJ - HK

Q.58 यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंकों वाली पांच संख्याओं पर आधारित है।


(बाएं) 342 781 619 457 243 (दाएं)

(उदाहरण: 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी चाहिए।)

यदि प्रत्येक संख्या के पहले अंक में 2 जोड़ दिया जाए, तो कितनी संख्याओं में पहला अंक, दूसरे अंक से पूर्णतः विभाज्य होगा?

Ans
1. 4
2. 2
3. 3
4. 1

**Q.59** नीचे तीन प्रश्न आकृतियाँ दी गई है, जो एक निश्चित प्रकार से समान हैं, क्योंकि वे कुछ समान विशेषताएँ साझा करती हैं। उत्तर विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए, जो तीन प्रश्न आकृतियों द्वारा साझा की गई समान विशेषताओं को साझा करती है।




**Ans**


✗ 1.




✓ 2.



✗ 3.



✗ 4.



**Q.60** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'he is late' को 'ab bc cd' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'is she alive' को 'kj cd mo' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'is' को किसमें कूटबद्ध किया जाएगा?

**Ans**

✗ 1. ab

✗ 2. de

✗ 3. mo

✓ 4. cd

**Q.61** निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न एवं संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न एवं संबंध के समान हो?

**# : XBE :: HLO : %**

**Ans**

✓ 1. # = TXA; % = LPS

✗ 2. # = UXA; % = LPS

✗ 3. # = TXA; % = LBS

✗ 4. # = TXA; % = LPO

**Q.62** A, B की पुत्री C की बहन है। K, C का पिता है और L, K का पिता है। A का L से क्या संबंध है?

**Ans**

✗ 1. पुत्र का पुत्र

✗ 2. पुत्री की पुत्री

✗ 3. पुत्र की पत्नी

✓ 4. पुत्र की पुत्री

Q.63 A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। G और C के बीच में केवल E बैठा है। C, B के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। A, B के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। D, C का निकटतम पड़ोसी नहीं है। E के दाएं से गिनने पर D और E के बीच कितने लोग बैठे हैं?

Ans
✗ 1. 1
✗ 2. 2
✗ 3. 3
✓ 4. 4

Q.64 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर EHSM एक निश्चित तरीके से AMOR से संबंधित है। उसी तरह, WRKW, SWGB से संबंधित है। उसी तर्क का पालन करते हुए, OBCG दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
✓ 1. KGYL
✗ 2. LGZN
✗ 3. JFXK
✗ 4. LHYM

Q.65 अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

HEC JGE LIG NKI ?

Ans
✓ 1. PMK
✗ 2. PNL
✗ 3. PNK
✗ 4. PML

Q.66 TUV अपनी कक्षा में ऊपर से 16वें और नीचे से 19वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
✗ 1. 32
✓ 2. 34
✗ 3. 23
✗ 4. 43

Q.67 संख्या 8213459 में प्रत्येक अंक को बाईं ओर से दाईं ओर आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। मूल संख्या की तुलना में इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans
✗ 1. तीन
✗ 2. एक
✓ 3. दो
✗ 4. चार

Q.68 निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) = S Y # G F & A % K E * D C & £ U @ N > B + L M (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनके ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद में एक प्रतीक है?

Ans
✗ 1. तीन
✓ 2. एक
✗ 3. दो
✗ 4. चार

Q.69 श्रीमान NOP बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करते हैं और पश्चिम की ओर 11 km तक ड्राइव करते हैं। फिर वह बायीं ओर मुड़ते हैं, 12 km तक ड्राइव करते हैं, बायीं ओर मुड़ते हैं और 31 km तक ड्राइव करते हैं। फिर वह बायीं ओर मुड़ते हैं और 27 km तक ड्राइव करते हैं। वह अंत में बाईं ओर मुड़ते हैं, 20 km तक ड्राइव करते हैं और बिंदु P पर रुक जाते हैं। बिंदु A पर दोबारा पहुंचने के लिए उन्हें कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) तक और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✔ 1. 15 km दक्षिण की ओर
- ✘ 2. 9 km उत्तर की ओर
- ✘ 3. 11 km पूर्व की ओर
- ✘ 4. 13 km पश्चिम की ओर

Q.70 मनीष बिंदु A से शुरू करता है और दक्षिण की ओर 13 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 11 km ड्राइव करता है, फिर बाएं मुड़ता है और 15 km ड्राइव करता है। वह फिर बाएं मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार बाएं मुड़ता है, 2 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर फिर से पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✘ 1. 1 km, पश्चिम में
- ✘ 2. 2 km, पूर्व में
- ✘ 3. 2 km, पश्चिम में
- ✔ 4. 1 km, पूर्व में

## Section : General Awareness

Q.71 परिसीमन आयोग (Delimitation Commission) की नियुक्ति _____ द्वारा होती है और भारत निर्वाचन आयोग के सहयोग से कार्य करता है।

Ans
- ✘ 1. भारत के मुख्य न्यायाधीश
- ✘ 2. भारत के प्रधान मंत्री
- ✔ 3. भारत के राष्ट्रपति
- ✘ 4. लोकसभा अध्यक्ष

Q.72 सिंथेटिक ऑक्सिन 2,4-D का उपयोग आमतौर पर _____ के रूप में किया जाता है।

Ans
- ✘ 1. स्ट्रेस हार्मोन (stress hormone)
- ✘ 2. सिग्नलिंग हार्मोन (signalling hormone)
- ✘ 3. डिफेंस हार्मोन (defense hormone)
- ✔ 4. हर्बिसाइड (herbicide)

Q.73 _____ ने वर्ष 2022-23 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY), जो एक फसल सब्सिडी बीमा योजना है, के सर्वोत्तम कार्यान्वयन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीता है?

Ans
- ✘ 1. तमिलनाडु
- ✘ 2. उत्तर प्रदेश
- ✘ 3. पंजाब
- ✔ 4. कर्नाटक

Q.74 दिल्ली सल्तनत भारत पर शासन का प्रतीक है, जिसकी राजधानी दिल्ली थी, यह किस समुदाय का था?

Ans
- ✘ 1. अफ़्रीकी
- ✘ 2. फारसी
- ✔ 3. तुर्की
- ✘ 4. अरबी

Q.75 कौन-सी योजना रियायती दरों पर ऋण प्रदान करके अनुसूचित जाति (SC)/अनुसूचित जनजाति (ST) और महिलाओं के बीच उद्यमशीलता को बढ़ावा देने पर केंद्रित है?

Ans
- ✘ 1. प्रधानमंत्री रोजगार योजना (PMRY)
- ✘ 2. मुद्रा योजना
- ✔ 3. स्टार्टअप इंडिया
- ✘ 4. स्टैंड-अप इंडिया योजना

**Q.76** मानव शरीर के लिए आवश्यक 22 अमीनो अम्लों में से कितने अमीनो अम्ल मानव शरीर में उत्पादित नहीं होते हैं?

**Ans**
- ✗ 1. 12
- ✓ 2. 8
- ✗ 3. 14
- ✗ 4. 16

**Q.77** निम्नलिखित प्रसिद्ध संगीतकारों में से किसे 'सरोद' नामक वाद्य यंत्र को लोकप्रिय बनाने के लिए जाना जाता है और उन्हें सेनिया शाहजहांपुर घराने के सबसे प्रसिद्ध उस्तादों में से एक माना जाता है?

**Ans**
- ✗ 1. उस्ताद अली अकबर खान
- ✗ 2. पंडित रविशंकर
- ✗ 3. उस्ताद बिस्मिल्लाह खान
- ✓ 4. उस्ताद अमजद अली खान

**Q.78** सितंबर 2024 में, निम्नलिखित में से किसने वाणिज्य विभाग का जन सुनवाई पोर्टल लॉन्च किया, जिसे स्टेकहोल्डर्स (stakeholders) और अथॉरिटीज (authorities) के बीच संचार को सुव्यवस्थित करने के लिए बनाया गया है?

**Ans**
- ✗ 1. कृष्ण कुमार विश्नोई
- ✓ 2. पीयूष गोयल
- ✗ 3. चेतन्य कश्यप
- ✗ 4. बिमल बोरा

**Q.79** पेरिस पैरालंपिक गेम्स 2024 में भारतीय खिलाड़ी नितेश कुमार ने किस खेल में स्वर्ण पदक जीता?

**Ans**
- ✗ 1. एथलेटिक्स
- ✓ 2. बैडमिंटन
- ✗ 3. तीरंदाजी
- ✗ 4. निशानेबाज़ी

**Q.80** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन 'वैश्वीकरण' के बारे में सही नहीं है?

**Ans**
- ✗ 1. यह लोगों के बीच बातचीत और एकीकरण की प्रक्रिया है
- ✓ 2. यह समस्याओं को कम करने और सतत विकास लाभों को बढ़ाने में मदद करता है
- ✗ 3. यह सीमाहीन दुनिया बनाने में मदद करता है
- ✗ 4. यह निवेश, लोगों और सूचनाओं के प्रवाह को प्रोत्साहित करता है

**Q.81** भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, कितने राज्यों की जनसंख्या 10 लाख से कम दर्ज हुई थी?

**Ans**
- ✗ 1. दो
- ✗ 2. तीन
- ✓ 3. एक
- ✗ 4. एक भी नहीं

**Q.82** वंदे भारत एक्सप्रेस किस देश में बनी है?

**Ans**
- ✗ 1. जापान
- ✗ 2. इंग्लैंड
- ✓ 3. भारत
- ✗ 4. कोरिया

**Q.83** निम्नलिखित में से किस विश्वविद्यालय को 'महायानवाद का ऑक्सफोर्ड (Oxford of Mahayanism)' कहा जाता है?

**Ans**
- ✗ 1. विक्रमशिला
- ✗ 2. तक्षशिला
- ✗ 3. वल्लभी
- ✓ 4. नालंदा

Q.84 सूची I में राज्यों को सूची II में जनगणना 2011 के अनुसार लिंग अनुपात से सुमेलित कीजिए।

| | राज्य (सूची -I) | | लिंग अनुपात (जनगणना 2011 के अनुसार) (सूची -II) |
|---|---|---|---|
| 1. | उत्तर प्रदेश | a. | 931 |
| 2. | बिहार | b. | 918 |
| 3. | मध्य प्रदेश | c. | 929 |
| 4. | महाराष्ट्र | d. | 912 |

Ans
✗ 1. 1-d, 2-a, 3-b, 4-c
✓ 2. 1-d, 2-b, 3-a, 4-c
✗ 3. 1-b, 2-d, 3-a, 4-c
✗ 4. 1-d, 2-b, 3-c, 4-a

Q.85 निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद कुछ केंद्र शासित प्रदेशों के लिए विनियम बनाने हेतु राष्ट्रपति की शक्तियों से संबंधित है?

Ans
✗ 1. अनुच्छेद 244
✗ 2. अनुच्छेद 235
✓ 3. अनुच्छेद 240
✗ 4. अनुच्छेद 248

Q.86 संसद के किस सदन को धन विधेयकों के मामले में सर्वाधिक शक्तियां प्राप्त हैं?

Ans
✗ 1. विधान परिषद
✓ 2. लोक सभा
✗ 3. राज्य सभा
✗ 4. विधान सभा

Q.87 जुलाई 2023 में, निम्नलिखित में से कौन-सा देश यूनेस्को (UNESCO) में पुनः शामिल होकर इसका 194$^{वां}$ सदस्य बन गया?

Ans
✓ 1. संयुक्त राज्य अमेरिका
✗ 2. ईरान
✗ 3. यूनाइटेड किंगडम
✗ 4. भारत

Q.88 हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (Hindustan Aeronautics Limited) ने वर्ष _____ में भारतीय वायु सेना को पहला दो सीटों वाला हल्का लड़ाकू विमान 'तेजस (Tejas)' सौंपा।

Ans
✗ 1. 2024
✗ 2. 2014
✗ 3. 2018
✓ 4. 2023

Q.89 स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम (SISFS) के कार्यान्वयन में विशेषज्ञ सलाहकार समिति (EAC) की क्या भूमिका है?

Ans
✓ 1. फंड आवंटन के लिए इनक्यूबेटरों (incubators) का मूल्यांकन और चयन करना
✗ 2. व्यक्तिगत स्टार्टअप फंडिंग अनुरोधों को स्वीकृति प्रदान करना
✗ 3. स्टार्टअप को प्रत्यक्ष रूप से फंड वितरित करना
✗ 4. फंडिंग प्राप्त करने वाले स्टार्टअप के प्रदर्शन की निगरानी करना

Q.90 मोपिन उत्सव, भारत के किस राज्य में मनाया जाता है?

Ans
✗ 1. उत्तर प्रदेश
✗ 2. हरियाणा
✓ 3. अरुणाचल प्रदेश
✗ 4. राजस्थान

Q.91 भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्ष बनने वाली प्रथम भारतीय महिला कौन थीं?

Ans
✗ 1. मैडम भीकाजी कामा
✓ 2. सरोजिनी नायडू
✗ 3. नेली सेनगुप्ता
✗ 4. एनी बेसेंट

Q.92 निम्नलिखित में से कौन रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए भारत सरकार की नई पहलों में से एक नहीं है?

Ans
✗ 1. स्किल इंडिया
✗ 2. मेक इन इंडिया
✓ 3. यूनिकॉर्न इंडिया
✗ 4. स्टार्ट अप इंडिया

Q.93 दिसंबर 2023 में रेवंत रेड्डी किस राज्य के मुख्यमंत्री बने थे?

Ans
✓ 1. तेलंगाना
✗ 2. छत्तीसगढ़
✗ 3. कर्नाटक
✗ 4. मध्य प्रदेश

Q.94 हमारे शरीर की कोशिकाओं में उपस्थित अम्ल, _____ होता है।

Ans
✓ 1. डिऑक्सीराइबोन्यूक्लीक अम्ल (deoxyribonucleic acid)
✗ 2. सल्फ्यूरिक अम्ल (sulphuric acid)
✗ 3. ऑक्सैलिक अम्ल (oxalic acid)
✗ 4. राइबोन्यूक्लिक अम्ल (ribonucleic acid)

Q.95 2024 में सशस्त्र बलों के लिए चिकित्सा प्रौद्योगिकियों के विकास को बढ़ावा देने के लिए DISC 12 में कौन-सी पहल शुरू की गई?

Ans
✗ 1. ADITI
✗ 2. iDEX
✓ 3. MIRA
✗ 4. AIM

Q.96 भारत में किस सरकारी कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन के माध्यम से गरीबी उन्मूलन करना है?

Ans
✗ 1. प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY)
✗ 2. राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (NRHM)
✗ 3. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA)
✓ 4. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA)

Q.97 मौलिक अधिकारों के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?
1. मौलिक अधिकारों का वर्णन संविधान के भाग-3 में अनुच्छेद 12 से 36 में किया गया है।
2. इस भाग को भारत का मैग्ना कार्टा कहा जाता है।
3. इनका उद्देश्य देश में विधि की सरकार बनाना है, न कि व्यक्तियों की।
4. ये परम नहीं हैं; राज्य इन पर उचित प्रतिबंध लगा सकता है।

Ans
✓ 1. केवल 1 और 3
✗ 2. केवल 3 और 4
✗ 3. केवल 1
✗ 4. केवल 1 और 4

Q.98 दिसंबर 2023 में, भारतीय फार्माकोपिया आयोग (IPC) ने एक औषधि सुरक्षा चेतावनी जारी की थी, जिसमें स्वास्थ्य पेशेवरों और रोगियों को _____ गुणधर्मों वाली 'मेफ्टाल' ('Meftal') की प्रतिकूल प्रतिक्रियाओं की निगरानी करने की सलाह दी गई थी।

Ans
✗ 1. हिस्टामीनरोधी (antihistamine)
✓ 2. ज्वररोधी (antipyretic)
✗ 3. अम्लत्वनाशक (antacid)
✗ 4. प्रतिकण्डू औषधि (antipruritic)

Q.99 कौन-सा समीकरण दर्शाता है कि विद्युत, चुंबकत्व और प्रकाश सभी विद्युत चुम्बकीय क्षेत्र की अभिव्यक्तियाँ (manifestations) हैं?

Ans
✗ 1. लाप्लास समीकरण (Laplace equation)
✓ 2. मैक्सवेल का समीकरण (Maxwell's equation)
✗ 3. किरचॉफ का समीकरण (Kirchhoff's equation)
✗ 4. ओम का समीकरण (Ohm's equation)

Q.100 पूना समझौते पर हस्ताक्षरकर्ता महात्मा गांधी और _____ थे।

Ans
✗ 1. जवाहरलाल नेहरू
✓ 2. डॉ. बी.आर. अंबेडकर
✗ 3. सुभाष चंद्र बोस
✗ 4. सरदार वल्लभभाई पटेल

Q.101 कुशल बाजार परिकल्पना (EMH) पूंजी परिसंपत्ति मूल्य निर्धारण मॉडल (CAPM) का आधार है। EMH की वैधता का परीक्षण करने के लिए, कोई यह जांच कर सकता है कि ऐतिहासिक डेटा CAPM का खंडन करता है या नहीं। यदि ऐतिहासिक डेटा CAPM का खंडन करता है, तो कुशल बाजार परिकल्पना के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा अर्थ होगा?

Ans
✓ 1. इसका अर्थ यह होगा कि बाजार अकुशल है।
✗ 2. इसका अर्थ यह होगा कि बाजार हमेशा कुशल है।
✗ 3. इसका अर्थ यह है कि ऐतिहासिक डेटा बाजार दक्षता के लिए अप्रासंगिक है।
✗ 4. इसका अर्थ यह है कि CAPM अचूक है।

Q.102 निम्नलिखित में से कौन-सा मौलिक कर्तव्य 42वें संविधान संशोधन, 1976 द्वारा जोड़ा गया था?

Ans
✗ 1. देश के लिए काम करना
✓ 2. भारत के सभी लोगों के बीच सद्भाव और समान भाईचारे की भावना को बनाए रखना और उसकी रक्षा करना
✗ 3. संविधान और उसके आदर्शों में संशोधन करना
✗ 4. निजी संपत्ति की सुरक्षा करना

Q.103 निम्नलिखित में से कौन-सा, माइटोसिस (mitosis) के सूत्रीविभाजन का प्रथम चरण है जो इंटरफेज़ (interphase) के S और G2 अवस्थाओं का अनुसरण करता है?

Ans
✗ 1. टीलोफ़ेज़
✗ 2. मेटाफ़ेज़
✗ 3. एनाफ़ेज़
✓ 4. प्रोफेज़

Q.104 विजयनगर प्रशासन की अमर-नायक प्रणाली के तहत नायकों की क्या भूमिका होती थी?

Ans
✓ 1. सेना कमांडर
✗ 2. गुप्तचरों के मुखिया
✗ 3. राजस्व संग्रहकर्ता
✗ 4. ग्राम प्रधान

Q.105 भारत के राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा के कितने सदस्य मनोनीत किए जाते हैं?

Ans
✗ 1. 14
✗ 2. 10
✗ 3. 08
✓ 4. 12

Q.106 1567 में चित्तौड़ पर अकबर द्वारा आक्रमण किए जाने के बाद, निम्नलिखित में से किसे चित्तौड़ का गवर्नर नियुक्त किया गया था?

Ans
✗ 1. अधम खान
✗ 2. बैरम खान
✓ 3. आसफ खान
✗ 4. मान सिंह

Q.107 सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (ICTs) के लिए संयुक्त राष्ट्र की विशेष एजेंसी का नाम क्या है, जिसने 2024 में ग्लोबल साइबर सिक्योरिटी इंडेक्स (GCI) का 5वां संस्करण जारी किया है?

Ans
✗ 1. ग्लोबल टेलीकम्युनिकेशन यूनियन
✓ 2. इंटरनेशनल टेलीकम्युनिकेशन यूनियन
✗ 3. वर्ल्ड टेलीकम्युनिकेशन यूनियन
✗ 4. यूनाइटेड नेशंस वर्ल्ड कम्युनिकेशन यूनियन

Q.108 निम्नलिखित में से कौन-सा, केप्लर के ग्रहीय गति के नियमों में से एक नहीं है?

A. सूर्य के चारों ओर प्रत्येक ग्रह की कक्षा दीर्घवृत्ताकार होती है जिसमें सूर्य दो फोकस बिंदुओं में से एक पर होता है।
B. सूर्य के चारों ओर सभी ग्रहों की कक्षाएँ सहसमतलीय होती हैं।
C. किसी ग्रह और सूर्य को मिलाने वाला रेखाखंड समान समय अंतराल के दौरान समान क्षेत्रफलों को प्रसारित करता है।
D. किसी ग्रह की कक्षीय अवधि का वर्ग उसकी कक्षा की अर्ध-दीर्घ अक्ष के घन के अनुक्रमानुपाती होता है।

Ans
✗ 1. C
✗ 2. A
✓ 3. B
✗ 4. D

Q.109 उस अर्ध मानव रोबोट का क्या नाम है जिसे भारत वास्तविक मानव मिशन गगनयान से पूर्व उड़ान संबंधी जटिलताओं का परीक्षण करने के लिए अंतरिक्ष में भेजने की योजना बना रहा है?

Ans
✗ 1. अंतरिक्ष विचारक (Antariksha vicharak)
✗ 2. गगनमैत्री (Gaganmaitri)
✓ 3. व्योममित्र (Vyommitra)
✗ 4. नभमित्र (Nabhmitra)

Q.110 निम्नलिखित में से कौन-सा वाद्य यंत्र आमतौर पर राजस्थानी लोक संगीत से संबंधित है?

Ans
✗ 1. तबला
✓ 2. मोरचंग
✗ 3. शहनाई
✗ 4. ढोलक

Q.111 भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (Indian Meteorological Department - IMD) के अनुसार भारत में कितनी ऋतुएं हैं?

Ans
✓ 1. 4
✗ 2. 7
✗ 3. 6
✗ 4. 3

Q.112 निम्नलिखित में से कौन-सी, खाद्यान्न के साथ साथ चारे की भी फसल है, जो अर्ध-शुष्क जलवायु परिस्थितियों में उगाई जाती है तथा पूर्वी और पूर्वोत्तर क्षेत्रों के अतिरिक्त सम्पूर्ण भारत में बोई जाती है?

Ans
✗ 1. सुपारी
✓ 2. मक्का
✗ 3. कपास
✗ 4. दालें

**Q.113** निम्नलिखित में से किसने 'सिग्नीफिकेंस ऑफ विमानम एंड गोपुरम' ('Significance of Vimanam and Gopuram') पुस्तक लिखी है?

**Ans**

✗ 1. निकेतन आनंद गौड़

✗ 2. शशि थरूर

✗ 3. रोमिला थापर

✓ 4. डॉ. वी गणपति स्थपति

**Q.114** एल नीनो (El Nino) एक संकीर्ण गर्म धारा है जो कभी-कभी _____ के तट पर उत्पन्न होती है।

**Ans**

✗ 1. ब्राजील

✓ 2. पेरू

✗ 3. ऑस्ट्रेलिया

✗ 4. युगांडा

**Q.115** निम्नलिखित में से किस वर्ष ब्रिटेन के राजा जॉर्ज V और रानी मैरी (Queen Mary) भारत आए थे तथा भारत की राजधानी को कलकत्ता (कोलकाता) से दिल्ली स्थानांतरित करने की घोषणा की गई थी?

**Ans**

✗ 1. 1858

✓ 2. 1911

✗ 3. 1901

✗ 4. 1908

**Q.116** भारतीय संविधान के अनुसार, निम्नलिखित में से किसे राज्य के राज्यपाल का मुख्य सहायक और सलाहकार माना जाता है?

**Ans**

✗ 1. मुख्य सचिव

✗ 2. उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

✓ 3. राज्य के मुख्यमंत्री

✗ 4. महाधिवक्ता

**Q.117** किस भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी ने जनवरी 2024 में टेक्सास, यूएसए में डब्ल्यूटीटी फीडर कॉर्पस क्रिस्टी 2024 (WTT Feeder Corpus Christi 2024) में महिला एकल स्पर्धा में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय खिताब जीता?

**Ans**

✗ 1. सुतीर्थ मुखर्जी

✓ 2. श्रीजा अकुला

✗ 3. अंकिता दास

✗ 4. मनिका बत्रा

**Q.118** निम्नलिखित नदियों को उनके बेसिन के आकार के आधार पर बढ़ते क्रम में व्यवस्थित कीजिए।

गोदावरी,
कृष्णा,
महानदी,
गंगा।

**Ans**

✗ 1. गंगा > कृष्णा > महानदी > गोदावरी

✗ 2. गंगा > महानदी > गोदावरी > कृष्णा

✓ 3. गंगा > गोदावरी > कृष्णा > महानदी

✗ 4. गंगा > महानदी > कृष्णा > गोदावरी

**Q.119** नीति आयोग का चेयरपरसन (अध्यक्ष) कौन होता है?

**Ans**

✗ 1. उप-राष्ट्रपति

✗ 2. गृहमंत्री

✓ 3. प्रधान मंत्री

✗ 4. राष्ट्रपति

Q.120 अगस्त 2023 में, भारत के रक्षा मंत्रालय ने साइबर खतरों के बढ़ते चलन के बीच अपने ऑपरेटिंग सिस्टम को विंडोज से बदलकर स्थानीय रूप से निर्मित OS पर स्विच करने का फैसला किया। नए OS का नाम _____ है।

Ans
- ✔ 1. माया
- ✘ 2. मेघ
- ✘ 3. सुरक्षाकवच
- ✘ 4. सर्वेक्षण

2024/12/10-22:00:53